भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +2885
सोमवार, 21 मार्च, 2022/30 फाल्गुन, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

आंध्र प्रदेश में बौद्ध परिपथ परियोजना की स्थिति

+2885.श्री मद्दीला गुरूमूर्तिः
श्री कुरूवा गोरांतला माधवः
श्रीमती चिंता अनुराधाः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आंध्र प्रदेश में बौद्ध परिपथ परियोजना की स्थिति क्या है;

(ख) क्या उक्त परियोजना के अंतर्गत पूरी धनराशि जारी कर दी गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है; और

(ग) स्वदेश दर्शन तथा तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्द्धन अभियान (प्रसाद) राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत आंध्र प्रदेश को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख) : पर्यटन मंत्रालय ने अपनी 'स्वदेश दर्शन' योजना के तहत बौद्ध परिपथ थीम के अंतर्गत वर्ष 2017-18 में एक परियोजना को स्वीकृति दी थी और इस परियोजना की स्वीकृत लागत को संशोधित करके 24.14 करोड़ रु. कर दिया गया था । इस परियोजना के संबंध में पूर्ण धनराशि जारी कर दी गई है ।

(ग) : पर्यटन मंत्रालय की 'स्वदेश दर्शन' तथा 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन' (प्रशाद) योजनाओं के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

*****

अनुबंध

आंध्र प्रदेश में बौद्ध परिपथ परियोजना की स्थिति के संबंध में दिनांक 21.03.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. +2885 के भाग (ग) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन तथा प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
स्वदेश दर्शन योजना					
1.	तटवर्ती परिपथ	2014 -15	काकीनाडा - होप द्वीप - कोरिंगा वन अभ्यारण्य - पसारलापुडी - अडुरु - एस यनम- कोटिपल्ली का विकास	67.84	67.84
2.	तटवर्ती परिपथ	2015 -16	नेल्लोर, पुलिकट झील, उबलंमादुगु जलप्रपात, नेलपट्टु कोथाकोडुरु, मायपदु, रामातीर्थम, इस्कापल्ली का विकास	49.55	47.76
3.	बौद्ध परिपथ	2017-18	शालीहुंडम-थोटलाकोंडा- बाविकोंडा- बोज्जंन कोंडा- अमरावती- अनूपू का विकास	24.14	26.17
प्रशाद योजना					
4.		2015-16	पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिला का विकास	27.77	27.77
5.		2017-18	श्रीसैलम मंदिर का विकास	43.08	43.08

*****